# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/आदर्श वि/मॉनिटरिंग/2018–19/64 दिनांक :- 01-11-2019

समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक,
(स्कूल शिक्षा)।

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा।

विषयः– राज्य के आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2020 के आयोजन के संबंध में।

प्रसंगः– श्रीमान् आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, जयपुर के पत्रांक–रास्कूलशिप/जय/आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय/2019–20/7050 दिनांक 24.10.19 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य के राजकीय विद्यालयों में अब तक प्रदेश के निजी विद्यालयों की तरह वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नहीं किया जाता था, जिससे राजकीय विद्यालयों के बच्चों को निजी विद्यालयों के बच्चों की तरह अपनी विभिन्न तरह की प्रतिभाओं के प्रदर्शन से वंचित होना पड़ता है एवं गत वर्ष की परीक्षा में उच्चतम अंक/श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम/विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने के बावजूद सम्मान प्राप्त करने के लिए कोई मंच उपलब्ध नहीं हो पाता है।

इस संबंध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत राज्य स्तरीय योजना बनाकर वर्ष 2019–20 में राज्य सरकार की आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय योजनान्तर्गत चयनित समस्त आदर्श (ग्रामीण एवं शहरी) एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्रपर्यन्त विद्यालय की शैक्षिक एवं सह–शैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **पुरस्कार वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह–2020** का आयोजन किया जाना है। इस हेतु राज्य के समस्त आदर्श विद्यालयों के लिए राशि **रूपये 10,000/–** प्रति विद्यालय एवं समस्त उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए **रूपये 5000/–** प्रति विद्यालय राशि परिषद् कार्यालय द्वारा आवंटित की जा रही है।

माह जनवरी–2020 में राज्य के समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के सफल आयोजन एवं उक्त राशि के व्यय हेतु परिषद् कार्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित दिशा–निर्देशानुसार समारोह आयोजन एवं प्रदत्त राशि का समुचित उपयोग किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः– उपर्युक्तानुसार

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

क्रमांक–शिविरा–मा/माध्य/आदर्श वि/मॉनिटरिंग/2018–19/64 दिनांक :- 01-11-2019

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. शासन उपसचिव–प्रथम शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अति.आयुक्त, रास्कूलशिप., जयपुर।

कार्यालय का पताः– कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
दूरभाषः– 0151–2522238 ई–मेलः– rajadarshschool2017@gmail.com

5. निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–प्रारंभिक शिक्षा।
7. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बी.आर.सी.एफ., समग्र शिक्षा अभियान।
9. समस्त जिला प्रभारी, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि वे प्रभारित जिले के प्रभारी के रूप में जिला स्तरीय अधिकारियों से अग्रिम सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर जिला क्षेत्राधिकार के समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में समारोह आयोजन की सुनिश्चिता हेतु ब्लॉक/जिला स्तरीय अधिकारियों का सतत् प्रबोधन एवं यथावश्यक सम्बलन प्रदान करें।
10. प्रभारी अधिकारी, सी.एस.आर.प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
11. प्रभारी अधिकारी, आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रकोष्ठ, रास्कूलशिप., जयपुर।
12. सिस्टम ऐनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
13. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
14. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

कार्यालय का पता:– कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
दूरभाष:– 0151–2522238 ई–मेल:– rajadarshschool2017@gmail.com

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

आदर्श विद्यालय

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ओपन स्टेट बिल्डिंग, प्रथम तल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, ओ.टी.एस. पुलिया के सामने, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2715532

E-mail: adrutrsmsa@gmail.com


क्रमांक : रास्कूलशिप / जय / आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय / 2019–20 / 7050 दिनांक : 24.10.19

## राज्य के आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह – 2020 आयोजित करने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश

प्रतिभा सम्मान | प्रतिभा प्रदर्शन | समुदाय मैत्री

**प्रस्तावना :–**

राज्य के राजकीय विद्यालयों में अब तक प्रदेश के निजी विद्यालयों की तरह वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नहीं किया जाता था, जिससे राजकीय विद्यालयों के बच्चों को निजी विद्यालयों के बच्चों की तरह अपनी विभिन्न तरह की प्रतिभाओं के प्रदर्शन से वंचित होना पड़ता है एवं गत वर्ष की परीक्षा में उच्चतम अंक / श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम / विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने के बावजूद सम्मान प्राप्त करने के लिए कोई मंच उपलब्ध नहीं हो पाता है।

इस संबंध में, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत राज्य स्तरीय योजना बनाकर वर्ष 2019–20 में राज्य सरकार की आदर्श विद्यालय योजना एवं उत्कृष्ट विद्यालय योजनान्तर्गत चयनित समस्त उत्कृष्ट, ग्रामीण एवं शहरी आदर्श विद्यालयों में सत्र पर्यन्त विद्यालय की शैक्षिक एवं सह–शैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुरस्कार वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह–2020 का आयोजन किया जाना है। इस हेतु राज्य के 10,176 आदर्श विद्यालयों के लिए राशि रूपये 10000 /– प्रति विद्यालय एवं 8839 उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए 5000 /– प्रति विद्यालय आवंटित की जा रही है।

माह जनवरी, 2020 में राज्य के समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के जिला / ब्लॉक / पंचायत स्तर पर सफल आयोजन एवं उक्त राशि के व्यय हेतु दिशा–निर्देश निम्न प्रकार है :–

## जिला स्तर –

उत्कृष्ट, ग्रामीण एवं शहरी आदर्श विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु निम्नानुसार गठित **जिला स्तरीय कमेटी** जिले के समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह की समस्त व्यवस्थाओं के लिये उत्तरदायी होगी :–

- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी – अध्यक्ष
- जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (प्राशि) – सदस्य
- जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माशि) – सदस्य
- प्रधानाचार्य, डाइट – सदस्य



www.rajteachers.com

- अति. जिला परियोजना समन्वयक – सदस्य सचिव
- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त – सदस्य
- सहायक जिला परियोजना समन्वयक (आदर्श, उत्कृष्ट एवं सीएसआर) – सदस्य
- लेखाधिकारी / सहायक लेखाधिकारी – सदस्य
- कार्यक्रम अधिकारी (आदर्श, उत्कृष्ट एवं सीएसआर) – सदस्य
- पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (02) – सदस्य
- उत्कृष्ट विद्यालय संस्थाप्रधान (02) – सदस्य
- भामाशाह / भामाशाह प्रेरक (02) – सदस्य

**उक्त कमेटी के कार्य निम्नानुसार रहेंगे :–**

- आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु जिला स्तर पर निर्मित विस्तृत कार्ययोजना को समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के साथ साझा करेंगें।
- समारोह की राशि परिषद् स्तर द्वारा जिले को प्रेषित की जावेगी और जिला स्तर से सम्बन्धित विद्यालय के SDMC/SMC खाते में उपलब्ध करवाई जावेगी।
- कार्ययोजना निर्माण करते समय अधिकाधिक जनसहभागिता को प्रमुखता प्रदान करेंगे।
- समारोह में जनप्रतिनिधि, भामाशाह, दानदाता, कम्पनी के प्रबन्धक / सीएसआर हैड को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित करेंगें।
- राज्य स्तर से समारोह हेतु जारी राशि के अतिरिक्त राशि एकत्रीकरण हेतु जिला / ब्लॉक के सीएसआर फर्म, भामाशाह, उधोगपति, दानदाता, जनप्रतिनिधि, विद्यालयों के सफल पूर्व छात्र एवं ऐसे संभावित व्यक्तित्व जो कार्यक्रम के आयोजन हेतु राशि उपलब्ध करा सकते हैं, की सूची CBEOs के साथ साझा की जावे।
- समारोह के आयोजन से पूर्व राज्य स्तर से जारी राशि आयोजनकर्ता विद्यालयों की एसडीएमसी / एसएमसी के खातों में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- समारोह में संस्था प्रबन्धन एवं विद्यार्थियों को सम्बलन प्रदान करने हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को नियुक्त किया जावे। प्रयास रहे कि अधिकतम समारोहों में कोई प्रतिनिधि आवश्यक रूप से उपस्थित रह सके। इस हेतु संयुक्त निदेशक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (प्राशि एवं माशि), प्रधानाचार्य–डाइट, एडीपीसी कार्यालय के समस्त अधिकारियों को शामिल किया जावे।
- **आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में समारोह हेतु गठित उक्त जिला स्तरीय कमेटी आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ–साथ CSR अनुभाग द्वारा आयोज्य Alumni Meet के समस्त उत्तरदायित्व का भी निर्वहन करेगी।**
- राज्य स्तर, जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, भामाशाहों, दानदाताओं को चिन्हित कर विद्यालयों में आमंत्रित करने हेतु सम्पर्क कर उसकी सूची CBEOs को उपलब्ध करावें, जिससे CBEOs उनसे समन्वय कर उनको कार्यक्रम हेतु आमंत्रित कर सकें।
- समारोह से पूर्व जिला स्तर पर CDEO की अध्यक्षता में समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की बैठक आयोजित की जावेगी, जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त दिशा–निर्देश प्रदान किये जावेंगे।


www.rajteachers.com

- ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय आयोजन समिति के गठन की सूचना के साथ–साथ ब्लॉक एवं पंचायतवार **आयोजक आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों** में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन **हेतु अलग–अलग दिवस** निर्धारित कर आयोजन की दिनांकवार सूची दिनांक 20.12.2019 तक राज्य कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें **(आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों की जिलेवार संख्यात्मक सूची परिशिष्ट–अ पर संलग्न)**।

## ब्लॉक स्तर –

उत्कृष्ट, ग्रामीण एवं शहरी आदर्श विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु निम्नानुसार गठित **ब्लॉक स्तरीय कमेटी** ब्लॉक के समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह की समस्त व्यवस्थाओं के लिये उत्तरदायी होगी :–

- मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी – अध्यक्ष
- अति. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रथम – सदस्य
- अति. ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, द्वितीय – सदस्य
- संदर्भ व्यक्ति, प्रथम एवं द्वितीय – सदस्य
- शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान, समस्त – सदस्य
- पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी – सदस्य (02)
- उत्कृष्ट विद्यालय संस्थाप्रधान – सदस्य
- सहायक लेखाधिकारी – सदस्य
- भामाशाह / भामाशाह प्रेरक – सदस्य (02)

**उक्त कमेटी के कार्य निम्नानुसार रहेंगे :–**

- ब्लॉक स्तरीय कमेटी ग्रामीण क्षेत्र के आदर्श विद्यालयों के साथ–साथ शहरी आदर्श विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के लिये भी कार्ययोजना निर्माण करने एवं कार्य रूप में परिणित करने के लिये उत्तरदायी होगी।
- समारोह के आयोजन से पूर्व राज्य स्तर से जारी राशि जिला कार्यालय के माध्यम से विद्यालयों तक उपलब्ध हो जावे, इसकी सुनिश्चितता की जावे।
- आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु ब्लॉक स्तर पर निर्मित विस्तृत कार्ययोजना को समस्त शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान एवं समस्त पीईईओ के साथ साझा करेंगें।
- कार्ययोजना निर्माण करते समय अधिकाधिक जनसहभागिता को प्रमुखता प्रदान करेंगे।
- समारोह में जनप्रतिनिधि, भामाशाह, दानदाता, कम्पनी के प्रबन्धक / सीएसआर हैड को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित करेंगें।
- राज्य स्तर से समारोह हेतु जारी राशि के अतिरिक्त राशि एकत्रीकरण हेतु जिला / ब्लॉक के सीएसआर फर्म, भामाशाह, उधोगपति, दानदाता, जनप्रतिनिधि, विद्यालयों के सफल पूर्व छात्र एवं ऐसे संभावित व्यक्तित्व जो कार्यक्रम के आयोज़न हेतु राशि उपलब्ध करा सकते हैं, की सूची PEEOs के साथ साझा की जावे।
- समारोह में सम्बलन प्रदान करने हेतु ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की सूची तैयार की जावे। विद्यालयों में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ – साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी सम्बलन हेतु उपस्थित हों, यह सुनिश्चित किया जावे।


www.rajteachers.com

- आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में समारोह हेतु गठित उक्त ब्लॉक स्तरीय कमेटी आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ–साथ CSR अनुभाग द्वारा आयोज्य Alumni Meet के समस्त उत्तरदायित्व का भी निर्वहन करेगी।
- राज्य स्तर, जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, भामाशाहों, दानदाताओं को चिन्हित कर विद्यालयों में आमंत्रित करने हेतु सम्पर्क कर उसकी सूची पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करावें, जिससे पीईईओ उनसे समन्वय कर उनको कार्यक्रम हेतु आमंत्रित कर सके।
- समारोह से पूर्व ब्लॉक स्तर पर CBEO की अध्यक्षता में समस्त पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, ग्रामीण आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान, शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान, उत्कृष्ट विद्यालय संस्थानप्रधान की बैठक आयोजित की जावेगी, जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त दिशा–निर्देश प्रदान किये जावें।
- ब्लॉक में पंचायत स्तरीय आयोजन समिति के गठन की सूचना के साथ–साथ शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान एवं पीईईओ से चर्चा कर पंचायतवार **उत्कृष्ट, ग्रामीण एवं शहरी आदर्श विद्यालयों** में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन **हेतु अलग–अलग दिवस** निर्धारित कर आयोजन की दिनांकवार सूची दिनांक 10.12.2019 तक अनिवार्य रूप से CDEO कार्यालय को उपलब्ध करावें।

**पंचायत स्तरीय आयोजन समिति :–**

ग्रामीण आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु पंचायत स्तर पर निम्नानुसार कमेटी का गठन किया जाता है। उक्त कमेटी पंचायत स्तर पर आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह की समस्त व्यवस्थाओं के लिये उत्तरदायी होगी –

- पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी – अध्यक्ष
- पंचायत स्थित अन्य उमावि/मावि के संस्थाप्रधान, समस्त – सदस्य
- उत्कृष्ट विद्यालय संस्थाप्रधान – सदस्य
- पंचायत स्थित अन्य उप्रा/प्रा विद्यालय के संस्थाप्रधान – सदस्य (02)
- एसडीएमसी/एसएमसी (पीईईओ विद्यालय) – सदस्य (02)
- भामाशाह प्रेरक – सदस्य
- भामाशाह – सदस्य (02)

**शहरी आदर्श विद्यालय आयोजन समिति :–**

शहरी आदर्श विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु निम्नानुसार कमेटी का गठन किया जाता है। उक्त कमेटी शहरी आदर्श विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह की समस्त व्यवस्थाओं के लिये उत्तरदायी होगी –

- शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान – अध्यक्ष
- शहरी नोडल विद्यालय के अधीनस्थ उमावि/मावि के संस्थाप्रधान – सदस्य (02)
- शहरी नोडल विद्यालय के अधीनस्थ उप्रावि/प्रावि के संस्थाप्रधान – सदस्य (02)
- एसडीएमसी/एसएमसी (शहरी नोडल विद्यालय) – सदस्य (02)
- भामाशाह प्रेरक – सदस्य
- भामाशाह – सदस्य (02)


www.rajteachers.com

नोट :– जिला/ब्लॉक स्तरीय समितियों में पीईईओ के रूप में जो पीईईओ, आदर्श विद्यालय के संस्थाप्रधान भी है, को ही नामित किया जावे। क्रमशः, पंचायत स्तरीय समिति में यदि पीईईओ उस पंचायत के आदर्श विद्यालय का संस्थाप्रधान नहीं है, तो पीईईओ आदर्श विद्यालय के संस्थाप्रधान को भी समिति में नामित करेंगें।

**उक्तानुसार गठित पंचायत स्तरीय/शहरी आदर्श विद्यालय आयोजन कमेटी अपने परिक्षेत्र के उत्कृष्ट, ग्रामीण एवं शहरी आदर्श विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन हेतु निम्नांकित समस्त निर्देशों की अनुपालना करते हुये समस्त उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगी :–**

- समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में जनवरी – 2020 में पुरस्कार वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किये जाने हेतु आवश्यक तैयारियाँ समय पूर्व सम्पन्न कर ली जावें।
- समारोह हेतु विद्यालय का प्रांगण, सार्वजनिक स्थान का चयन करें। यदि उक्त स्थान पर्याप्त उपलब्ध नहीं है तो गार्डन, लॉन, सामुदायिक केन्द्र को निःशुल्क अथवा दानदाता/भामाशाहों के सहयोग से प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।
- उक्त आयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई उक्त राशि के अतिरिक्त संस्था प्रधान एवं स्टाफ जनसहयोग, भामाशाहों, दानदाताओं एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सहयोग प्राप्त कर कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बना सकते है।
- आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हेतु पंचायत /शहर स्तरीय विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण कर कार्य रूप में परिणित करेंगे।
- वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह शहर/पंचायत स्तर के समस्त आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों में अलग–अलग दिवस में आयोजित किया जावेगा। दोनों कार्यकमों के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु समस्त व्यवस्थाओं का समस्त उत्तरदायित्व संबंधित सीबीईओ/ पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्कृष्ट, ग्रामीण एवं शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान का रहेगा। पीईईओ एवं आदर्श विद्यालय के संस्थाप्रधान पंचायत के उत्कृष्ट विद्यालय संस्थाप्रधान को सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।
- पंचायत परिक्षेत्र/शहरी आदर्श विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दिवस पंचायत / शहरी परिक्षेत्र के माध्यमिक शिक्षा (पंचायत/शहरी परिक्षेत्र के समस्त उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के विद्यालय) के समस्त बच्चे एवं पंचायत परिक्षेत्र के समस्त संस्थाप्रधान एवं शिक्षक (उच्च माध्यमिक/माध्यमिक/उच्च प्राथमिक/ प्राथमिक विद्यालय के संस्थाप्रधान) शामिल रहेंगे।
- पंचायत परिक्षेत्र पर उत्कृष्ट विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के दिवस पंचायत परिक्षेत्र के प्राथमिक शिक्षा (पंचायत परिक्षेत्र के समस्त उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालय) के समस्त बच्चे एवं पंचायत परिक्षेत्र के समस्त शिक्षक (उच्च माध्यमिक/माध्यमिक/उच्च प्राथमिक/प्राथमिक विद्यालय के संस्थाप्रधान) शामिल रहेंगे।
- समारोह के सफल संचालन हेतु शहरी / पंचायत परिक्षेत्र के समस्त शिक्षकों को उत्तरदायित्व (जैसे –सांस्कृतिक प्रभारी, आमंत्रण प्रभारी, बैठक व्यवस्था प्रभारी, मीडिया प्रभारी, जलपान प्रभारी, मंच संचालन प्रभारी, मंच प्रभारी इत्यादि) प्रदान किये जावेंगे।


www.rajteachers.com

- आयोजनकर्ता शहरी/ पंचायत परिक्षेत्र के समस्त विद्यालयों के बच्चों का प्रतिनिधित्व एवं समस्त बच्चों की सहभागिता भी समारोह में सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय के अधिकतम बच्चों को समारोह में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जावे।
- आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अधिकाधिक जनसहभागिता हेतु प्रयास किये जावें। इस हेतु शहरी आदर्श विद्यालय संस्थाप्रधान/ पीईईओ समारोह पूर्व अधीनस्थ विद्यालय स्टाफ के सहयोग से विद्यालय के समस्त परिक्षेत्र में जनसंपर्क स्थापित करें।
- विद्यालय स्तर पर भी SDMC/SMC की बैठक के दौरान उक्त समारोह के सफल आयोजन हेतु विस्तृत कार्य योजना तय कर समस्त सदस्यों में कार्य आवंटन किया जावे।
- समारोह में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जावे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों के अतिरिक्त समस्त विद्यार्थी विद्यालय गणवेश में उपस्थित रहेंगे।
- उपलब्ध करवाई गई एवं जुटाई गई राशि का उपयोग समारोह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक संसाधन जैसे – मुद्रण कार्य मंच साज–सज्जा, टैन्ट व्यवस्था, साउण्ड सिस्टम, वीडियो/फोटोग्राफी, बैठक व्यवस्था, जलपान इत्यादि के लिये एवं विद्यार्थियों के लिये पुरस्कार – शील्ड, स्मृति चिन्ह, प्रोत्साहन राशि इत्यादि हेतु किया जाना है।
- समारोह का प्रारम्भ अनिवार्यतः राष्ट्रगान के साथ एवं समापन राष्ट्रगीत के साथ किया जावे।
- समारोह में वर्तमान सत्र के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे – निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद इत्यादि के विजेता एवं विद्यालय में श्रेष्ठतम शैक्षणिक उपलब्धि वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जावे।
- कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय रहे, इस बात का पूर्णतया ध्यान रखा जावे।
- गत वर्ष की बोर्ड एवं सामान्य परीक्षा के टॉपर्स को आमंत्रित कर सम्मानित किया जावे। टॉपर्स के संक्षिप्त Motivational Speech के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया जावे।
- विद्यालय के सफल पूर्व विद्यार्थियों सहित समस्त विद्यार्थियों के अभिभावकों को समारोह में भाग लिये जाने हेतु आमंत्रित किया जावे एवं इस संबंध में विद्यार्थियों को भी उनके अभिभावकों को प्रेरित करने हेतु मार्गदर्शन दिया जावे।
- समारोह में आदर्श एवं गरिमा अनुकूल कलात्मक, सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे – सामाजिक संदेश देने वाले नाटक/नुक्कड नाटक/ड्रामा/गीत, देशभक्ति गीत, प्रेरक प्रसंग, जिम्नास्टिक, आसन इत्यादि की प्रस्तुति सुनिश्चित की जावे।
- वार्षिकोत्सव समारोह के सफल आयोजन हेतु समस्त विद्यार्थियों को उनके प्रयासों और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जावे।
- समारोह में जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी, भामाशाह, दानदाता, कम्पनी के प्रबन्धक/सीएसआर हैड, SDMC/SMC के सदस्य, विद्यालय के सफल पूर्व छात्र एवं समस्त अभिभावक को अनिवार्यतः आमंत्रित किया जावे, जिनके साझा किये गये अनुभवों से बच्चे प्रोत्साहन प्राप्त कर सकें।
- प्रत्येक विद्यालय द्वारा आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह के प्रति विद्यालय 10 एवं सीएसआर Alumni Meet के 05 छवि चित्र (फोटोग्राफ) सीबीईओ कार्यालय से ई–मेल द्वारा सीडीईओ कार्यालय भेजे जायेंगे एवं सीडीईओ कार्यालय का प्रतिनिधि जिले के समस्त फोटोग्राफ को पैन ड्राइव के माध्यम से परिषद् कार्यालय को उपलब्ध करावेगा।


www.rajteachers.com

- पूर्व छात्र एवं भामाशाह सम्मेलन/Alumni Meet एवं केवल आदर्श विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह एक ही दिवस में एक ही कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किये जावेंगे (उत्कृष्ट विद्यालयों में पूर्व छात्र एवं भामाशाह सम्मेलन/Alumni Meet आयोजित नहीं होगी)।
- समारोह में सम्मानित अतिथि, जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी, भामाशाह, दानदाता, कम्पनी के प्रबन्धक/सीएसआर हैड, SDMC/SMC के सदस्य, विद्यालय के सफल पूर्व छात्र एवं समस्त अभिभावक को विद्यालय विकास में सहयोग हेतु प्रेरित किया जावे। इस हेतु ज्ञान संकल्प पोर्टल के बारे में सक्षिप्त जानकारी देकर विद्यालय विकास में इसके महत्व को बताया जावे।
- **उक्त समारोह के आयोजन हेतु विद्यालय के SDMC/SMC खाते में उपलब्ध करवाई गई राशि का उपयोग अनिवार्यतः संबंधित SDMC/SMC के माध्यम से ही किया जायेगा।**
- **कार्यक्रम आयोजन के 7 दिवस में उपयोगिता प्रमाण पत्र सीबीईओ के माध्यम से सीडीईओ कार्यालय जिला स्तर को प्रस्तुत किया जावे।**
- **आवंटित राशि में यदि कोई बचत राशि शेष हो तो फरवरी माह के मध्य तक परिषद कार्यालय को लौटाई जावे।**

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव,
स्कूल शिक्षा विभाग

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग।
3. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रास्कूलशिप, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
5. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर।
6. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक-प्रथम एवं द्वितीय, रास्कूलशिप, जयपुर।
7. संयुक्त निदेशक, समस्त संभाग।
8. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
9. जिला शिक्षा अधिकारी, प्राशि एवं माशि, समस्त जिले।
10. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त जिले।
11. प्राचार्य, समस्त जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIETs)।
12. रक्षित पत्रावली।

(हरभान मीना)
राज्य परियोजना निदेशक



www.rajteachers.com

परिशिष्ट 'अ'

**Prize Distribution cum Annual Function (Adarsh & Utkrisht Schools)**

# जिलेवार आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों का संख्यात्मक एवं राशि वार विवरण

(राशि लाखों में)

| Activity → | | Prize distribution - cum - Annual Function Adarsh School | | | Prize distribution - cum - Annual Function Utkrisht School | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No. | Name of Districts | Phy | Unit cost | Financial | Phy | Unit cost | Financial |
| 1 | AJMER | 301 | 0.10000 | 30.100 | 251 | 0.05000 | 12.550 |
| 2 | ALWAR | 523 | 0.10000 | 52.300 | 449 | 0.05000 | 22.450 |
| 3 | BANSWARA | 349 | 0.10000 | 34.900 | 326 | 0.05000 | 16.300 |
| 4 | BARAN | 226 | 0.10000 | 22.600 | 201 | 0.05000 | 10.050 |
| 5 | BARMER | 492 | 0.10000 | 49.200 | 423 | 0.05000 | 21.150 |
| 6 | BHARATPUR | 385 | 0.10000 | 38.500 | 334 | 0.05000 | 16.700 |
| 7 | BHILWARA | 393 | 0.10000 | 39.300 | 367 | 0.05000 | 18.350 |
| 8 | BIKANER | 303 | 0.10000 | 30.300 | 242 | 0.05000 | 12.100 |
| 9 | BUNDI | 193 | 0.10000 | 19.300 | 173 | 0.05000 | 8.650 |
| 10 | CHITTORGARH | 296 | 0.10000 | 29.600 | 273 | 0.05000 | 13.650 |
| 11 | CHURU | 264 | 0.10000 | 26.400 | 224 | 0.05000 | 11.200 |
| 12 | DAUSA | 237 | 0.10000 | 23.700 | 215 | 0.05000 | 10.750 |
| 13 | DHOLPUR | 174 | 0.10000 | 17.400 | 140 | 0.05000 | 7.000 |
| 14 | DUNGARPUR | 293 | 0.10000 | 29.300 | 279 | 0.05000 | 13.950 |
| 15 | GANGANAGAR | 345 | 0.10000 | 34.500 | 281 | 0.05000 | 14.050 |
| 16 | HANUMANGARH | 257 | 0.10000 | 25.700 | 198 | 0.05000 | 9.900 |
| 17 | JAIPUR | 575 | 0.10000 | 57.500 | 466 | 0.05000 | 23.300 |
| 18 | JAISALMER | 142 | 0.10000 | 14.200 | 128 | 0.05000 | 6.400 |
| 19 | JALORE | 277 | 0.10000 | 27.700 | 246 | 0.05000 | 12.300 |
| 20 | JHALAWAR | 258 | 0.10000 | 25.800 | 243 | 0.05000 | 12.150 |
| 21 | JHUNJHUNU | 312 | 0.10000 | 31.200 | 222 | 0.05000 | 11.100 |
| 22 | JODHPUR | 482 | 0.10000 | 48.200 | 415 | 0.05000 | 20.750 |
| 23 | KARAULI | 230 | 0.10000 | 23.000 | 205 | 0.05000 | 10.250 |
| 24 | KOTA | 172 | 0.10000 | 17.200 | 140 | 0.05000 | 7.000 |
| 25 | NAGAUR | 478 | 0.10000 | 47.800 | 411 | 0.05000 | 20.550 |
| 26 | PALI | 330 | 0.10000 | 33.000 | 292 | 0.05000 | 14.600 |
| 27 | PRATAPGARH | 167 | 0.10000 | 16.700 | 150 | 0.05000 | 7.500 |
| 28 | RAJSAMAND | 212 | 0.10000 | 21.200 | 201 | 0.05000 | 10.050 |
| 29 | SAWAIMADHOPUR | 203 | 0.10000 | 20.300 | 178 | 0.05000 | 8.900 |
| 30 | SIKAR | 353 | 0.10000 | 35.300 | 302 | 0.05000 | 15.100 |
| 31 | SIROHI | 167 | 0.10000 | 16.700 | 144 | 0.05000 | 7.200 |
| 32 | TONK | 236 | 0.10000 | 23.600 | 210 | 0.05000 | 10.500 |
| 33 | UDAIPUR | 551 | 0.10000 | 55.100 | 510 | 0.05000 | 25.500 |
| **Total** | | **10176** | **0.10000** | **1017.600** | **8839** | **0.05000** | **441.950** |


www.rajteachers.com